संसद सदस्यों के लिये आयोजित सांस्कृतिक संध्या- 'दिव्य कला शक्ति- दिव्यांगता में क्षमता'

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2019: आज सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा बालयोगी सभागार, संसदीय ज्ञानपीठ में एक सांस्कृतिक संध्या 'दिव्य कला शक्ति- दिव्यांगता में क्षमता का प्रदर्शन' का आयोजन किया गया। भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। भारत के उप राष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री एम. वेंकैया नायडु, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों में कई केन्द्रीय मंत्री, लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य भी शामिल थे।

सांस्कृतिक संध्या ने देश के विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के दिव्यांग बच्चों की सृजनशील कलात्मक क्षमता को दर्शाया। गायन, नृत्य और संगीत के क्षेत्र में बच्चों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रतिभा और-उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों को सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांग बच्चों ने निशक्तता में सशक्तता का उपयुक्त उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की संसद सदस्यों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। तत्पश्चात् गण्यमान्य जनों ने प्रस्तुति देने वाले दिव्यांगजनों के साथ बातचीत की और उन्हें आशीर्वाद दिया।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने अप्रैल 2019 में एक ऐसा ही सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में भी आयोजित किया था।